# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 25 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 11 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


# पंडेर में पत्नी के हक के लिए टावर पर चढ़ा पति, 48 घंटे में निर्णय के आश्वासन पर उतरे नीचे

## तीन दिन से बंद पंचायत भवन पर गरमाई सियासत, अफसरों की समझाइश के बाद स्थगित हुआ धरना


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पंडेर ग्राम पंचायत में सरपंच ममता जाट को पदभार नहीं दिलवाए जाने के विरोध में गुरुवार को उनके पति मुकेश जाट मोबाइल टावर पर चढ़ गए।



उनका कहना था कि जब तक पत्नी को पदभार नहीं सौंपा जाएगा और पंचायत भवन पर ताला लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वे नीचे नहीं उतरेंगे।





घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम राजकेश मीणा, एएसपी राजेश आर्य , सीओ शाहपुरा ओम प्रकाश विश्नोई, सीओ जहाजपुर नरेन्द्र पारीक , थानाधिकारी कमलेश कुमार मौके पर पहुंचे और टावर से उतरने की समझाइश दी, लेकिन मुकेश जाट घंटों तक टावर पर डटे रहे। टावर से जारी वीडियो में मुकेश ने कहा कि यह कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि उनके संवैधानिक अधिकार की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट से पत्नी ममता जाट का निलंबन स्थगित हो चुका है, फिर भी उन्हें पद नहीं ग्रहण करने दिया जा रहा। विकास अधिकारी सीताराम मीणा जब शाम को पंचायत भवन पर लगा ताला खोलने पहुंचे, तो ग्रामीणों ने प्रशासन हाय-हाय के नारे लगाकर विरोध जताया। उनका सवाल था कि आखिर तीन दिन तक पंचायत भवन बंद रखने का अधिकार किसे था पंचायत के ताला किसने लगाया और इसे खोला क्यो नहीं गया । इस दौरान कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह कानावत, अनिल उपाध्याय, सावन टांक, बाबूलाल खटीक सहित कई कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

विदित है की सरपंच ममता जाट को 7 मई 2025 को अनियमितताओं के आरोप में निलंबित किया गया था। हाईकोर्ट ने आदेश पर रोक लगाते हुए बहाली की अनुमति दी, लेकिन इसमें बाद भी वे पदभार नहीं ग्रहण कर पाई है । देर रात उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा की समझाइश और 48 घंटे में स्थिति स्पष्ट करने के आश्वासन के बाद मुकेश जाट टावर से नीचे उतरे और पंचायत भवन के बाहर चल रहे धरने को भी फिलहाल स्थगित किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय समय में मांगें नहीं मानी गईं, तो अगला कदम और निर्णायक होगा।

# कारोई पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध हथियार सप्लायर इंदौर से गिरफ्तार

## 1 पिस्टल और 6 जिंदा कारतूस बरामद, तकनीकी निगरानी से पकड़ा गया आरोपी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले की कारोई थाना पुलिस ने अवैध फायर आर्म्स की सप्लाई के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हथियार तस्कर को मध्यप्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान शेरूखान (45) पुत्र रहमान खान मुसलमान निवासी खटवाड़ी, थाना देपालपुर, जिला इंदौर (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। वह कारोई थाना




क्षेत्र में पूर्व में पकड़े गए शंकर पुरी को अवैध हथियार सप्लाई करने वाला था , जो पुलिस की रडार पर था

थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन और रूट चार्ट का सहारा लिया गया। इसके बाद टीम ने इंदौर के खटवाड़ी गांव में दबिश देकर शेरूखान को धर दबोचा।

गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है, जिससे हथियार तस्करी के नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।

# तेज रफ्तार कार ने श्रमिक को मारी टक्कर, मौके पर मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मांडल के लांबिया टोल के पास एक तेज रफ्तार कार ने फैक्ट्री से पैदल घर लौट रहे श्रमिक को टक्कर मार दी। हादसे में श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक बजरंगी पुत्र शोभई उर्फ शोभा निशाद (30) निवासी रदऊपुर, थाना भिटी, जिला अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश , हाल लांबिया टोल के पास रहने वाला बताया गया है । वो गांव में ही एक फैक्ट्री में कार्यरत था और बुधवार रात को फैक्ट्री से



लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गया ।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# भीलवाड़ा में नाबालिग से दुष्कर्म का इनामी आरोपी गिरफ्तार

## ट्रांसपोर्ट नगर से पकड़ा गया 5 हजार का इनामी, 7 माह से था फरार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नाबालिग बालिका को भगाकर दुष्कर्म करने के मामले में सात महीने से फरार चल रहे 5000 रुपए के इनामी आरोपी को भीलवाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से दबोचा।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान जसवंत सिंह उर्फ नितिन (34) पुत्र प्रभु सिंह जादू रावणा राजपूत निवासी कोटड़ी, थाना पुर के रूप में हुई है। पुर थाना प्रभारी पुष्पा कसोटिया ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। वह काफी समय से फरार था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने साइबर सेल और डीएसटी टीम की मदद ली। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में महाराष्ट्र के पुणे तक गई थी। वहां से पीड़िता को दस्तयाब कर लिया गया था, लेकिन आरोपी फरार हो गया था।




# अवैध खनन मामले में कोटड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई , तीन आरोपी गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अवैध खनन, अवैध शराब और अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान के तहत कोटड़ी पुलिस ने अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को गश्त के दौरान सातोला का खेड़ा कोठारी नदी से अवैध खनन में प्रयुक्त 3 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त और दो ट्रैक्टर बिना नंबरी को डिटेन किया है। मामले में पुलिस ने वाहन चालक दुर्गालाल पिता राजू लाल कीर निवासी कोदुकोटा भीलवाड़ा , सुनील पिता चुन्नी लाल प्रजापत निवासी भवानी नगर भीलवाड़ा और रोशन पिता रामेश्वरलाल कालबेलिया निवासी प्रोंडास भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# भारतीय सिन्धु सभा ने किया गुरु पूजन, संतों से लिया आशीर्वाद



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारतीय सिन्धु सभा के कार्यकर्ताओं ने गुरु पूर्णिमा उत्सव पर सन्तों का सामुहिक रूप से पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

जिला प्रवक्ता पंकज आडवाणी ने बताया कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र के झूलेलाल मन्दिरों मे सुबह दर्शन करने के बाद सामुहिक रूप से प्रातः 10 बजे गोविंद धाम सिन्धु नगर पंहुचे, स्वामी गणेश दास का पूजन कर आशीर्वाद लेने के बाद हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर पहुंचकर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसकी बाद दादा साहब मन्दिर एवं पारी माता के भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर वीरुमल पुरस्वानी, लालचंद नथरानी परमानंद सोनी, किशोर कृपलानी, नरेंद्र रामचन्दानी ओमप्रकाश गुलाबानी, लक्ष्मण लालवानी, कैलाश कृपलानी धीरज पेशवानी सूरज नथरानी, गंगाराम पेशवानी, दीपक खुबवानी, बलराम किशनानी, कमल वैशनानी आदि उपस्थित रहे ।

# भारत विकास परिषद ने मॉडल स्कूल के 30 शिक्षकों का किया सम्मान





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, शाहपुरा में भारत विकास परिषद द्वारा 'गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 30 शिक्षक-शिक्षिकाओं का ऊपर्णा पहनाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारका प्रसाद जोशी ने कहा कि जैसे माता जीवन देती है, वैसे ही गुरु ज्ञान और संस्कार देकर जीवन को दिशा देते हैं। इसीलिए गुरु को कुम्हार कहा गया है, जो मटके की भांति शिष्य का निर्माण करता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परिषद के जिला संस्कार प्रमुख जयदेव जोशी ने कहा कि ÷संस्कार ही व्यक्ति का वास्तविक श्रृंगार हैं। बाल्यावस्था से ही यदि जीवन में संस्कारों का बीजारोपण हो, तो उसका सम्पूर्ण व्यक्तित्व उज्ज्वल होता है।

परिषद के सचिव सत्यनारायण सेन ने गुरु के प्रति श्रद्धा और समर्पण की भावना को जीवन का मूल बताया, जबकि अध्यक्ष पवन बांगड़ और राष्ट्रीय समूह गान प्रभारी ओमप्रकाश सनाढ्य ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में अध्ययन, अनुशासन व अन्य गतिविधियों में अग्रणी दो विद्यार्थियों - कक्षा 11 के पार्थ पोरवाल और कक्षा 9 की राष्ट्रीय स्तर की तैराक भूमि बघेरवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त विद्यालय की पूर्व छात्रा वैदिका दाधीच, जिनका हाल ही में एमबीबीएस में चयन हुआ है, को भी विद्यालय परिवार द्वारा ऊपर्णा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य ईश्वरलाल मीणा ने सभी अतिथियों व परिषद का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने किया।

# गुंदली स्कूल में वृक्षारोपण कर 'हरियाळो राजस्थान' अभियान का शुभारंभ



**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुंदली में गुरुवार को वृक्षारोपण दिवस के अवसर पर 'हरियाळो राजस्थान' अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्य जुलेखा मसरत बानू के सानिध्य में किया गया।

इस अवसर पर वृक्षारोपण प्रभारी सत्यनारायण खटीक एवं उत्सव प्रभारी महेश मंडोवरा ने बताया कि अभियान के तहत विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर पौधारोपण किया। सभी ने न केवल पौधे लगाए बल्कि उनकी सुरक्षा व संरक्षण की भी सामूहिक शपथ ली।

कार्यक्रम के दौरान हरियाळो राजस्थान के तहत विद्यालय को आवंटित लक्ष्य के अनुसार अधिकाधिक पौधे लगाने व उनके पोषण की जिम्मेदारी निभाने की बात कही गई। इस मौके पर प्रथम सहायक लादूराम दाधीच, मुरलीधर अहीर, संजीव मेहता, महिपाल सिंह चुंडावत, सुनीता ठकार, रतन कंवर राठौड़, प्रियंका चौहान, स्नेहलता नुवाल, सुरेश चंद्र लखारा, मोहनलाल रेगर, श्यामलाल बिश्नोई सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# शाहपुरा में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन - नगर परिषद बहाली और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग

## राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा ने गुरुवार को उपखंड कार्यालय के बाहर नगर परिषद को नगर पालिका में बदले जाने और स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी सुबोध सिंह चारण को ज्ञापन सौंपते हुए इन जनविरोधी निर्णयों को अविलंब वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के कार्यवाहक नगर अध्यक्ष रमेश सेन एवं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रेगर ने किया। उन्होंने कहा कि शाहपुरा की नगर परिषद को बिना आमजन की राय लिए नगर पालिका में बदलना जनभावनाओं का अपमान है। इससे न केवल स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होगी, बल्कि विकास कार्यों में भी बाधा उत्पन्न होगी। स्मार्ट मीटरों के खिलाफ भी प्रदर्शन में विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इन मीटरों के चलते उपभोक्ताओं को गलत एवं अधिक बिल मिल रहे हैं, जिससे जनता में भारी असंतोष है। तकनीकी खामियों और पारदर्शिता की कमी से आमजन त्रस्त हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेताया कि यदि जल्द ही शाहपुरा को पुनः नगर परिषद का दर्जा नहीं दिया गया और स्मार्ट मीटरों की व्यवस्था पर पुनर्विचार नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध जन आंदोलन शुरू करेगी। इसके तहत धरने, रैलियां और जनसंपर्क कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

ज्ञापन देने के दौरान जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर सोलंकी, वरिष्ठ नेता अजय मेहता, अखिल व्यास, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सुवालका, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नमन ओझा, नेता प्रतिपक्ष रचना सुनील मिश्रा, नगर महामंत्री ओम सिंधी, रामप्रसाद धाकड़, अर्जुन सिंह राणावत, अविनाश शर्मा, प्रदेश सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ अतुल त्रिपाठी, सेवादल अध्यक्ष जयंत जीनगर, यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमन पौंडरीक, पार्षद इसाक मोहम्मद, मदन सर्वा, दीपेंद्र सिंह, राम सिंह मीणा, मानक घुसर, सुनील पाराशर, कालू धोबी, शंकर खटीक, रामचंद्र बेरवा, आनंद तिवारी, आशीष भारद्वाज, दलपत सिंह, सोहेल खान, भेरू जाट सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एबीवीपी का 77वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया , देव डूंगरी पर किया वृक्षारोपण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



( मानव तिवाड़ी) - अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बिजोलिया तहसील इकाई ने 77वां स्थापना दिवस देव डूंगरी पर पौधरोपण कर मनाया। कार्यकर्ताओं ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। पथिक राजकीय महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें नगर अध्यक्ष पूजा जोशी ने परिषद के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में दीपांशु चितोड़ा, हिमांशु लक्षकार, आर्यन कांवलिया, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रात्रि को पंचायत चौक पर 77 दीप प्रज्वलन, रंगोली और आतिशबाजी कर स्थापना दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ



## QUICK BITES

# गिवअप योजना में भीलवाड़ा में 77,945 लोगों ने छोड़ा एनएफएसए लाभ

**हर माह 1.05 करोड़ की सब्सिडी की हो रही बचत, अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त की गई**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में शुरू की गई गिवअप योजना को प्रदेशभर में व्यापक जनसमर्थन मिला है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा की पहल पर 3 दिसंबर 2024 को शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक प्रदेश में 23 लाख लोगों ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का लाभ स्वेच्छा से त्याग कर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया है।

भीलवाड़ा जिले में अब तक 77,945 अपात्र लाभार्थी स्वयं योजना से बाहर हो चुके हैं, जिससे हर माह लगभग 3.89 लाख किलोग्राम गेहूं और 1.05 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी की बचत हो रही है।

## कहाँ कितनों ने छोड़ा लाभ -

**भीलवाड़ा शहरः 15,154 7 जहाजपुरः 8,371 7 कोटड़ीः 7,702 7 शाहपुराः 6,713 7 आसींदः 6,285 7 मांडलगढ़ः 5,184 7 हुरड़ाः 5,121 7 करेड़ाः 4,567 7 मांडलः 4,282 7 बनेड़ाः 3,950 7 रायपुरः 3,440 7 सहाड़ाः 3,768 7 बिजौलियाः 2,386 7 हमीरगढ़ः 1,022**

## कौन है अपात्र –
## जिन परिवारों में

1. कोई आयकरदाता हो
2. कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं में कार्यरत हो
3. वार्षिक आय एक लाख से अधिक हो
4. चार पहिया वाहन (ट्रैक्टर को छोड़कर) हो

वे एनएफएसए योजना के पात्र नहीं हैं।

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि सरकार ने योजना की अंतिम तिथि 30 जून से बढ़ाकर 31 अगस्त 2025 कर दी है। स्वेच्छा से योजना छोड़ने पर कोई दंड नहीं लगेगा, लेकिन अपात्र पाए जाने पर 27 रुपये प्रति किलो की दर से वसूली की जाएगी और विधिक कार्यवाही भी होगी।

## सरकार की मंशा स्पष्ट है –

योजना का लाभ सही पात्र और ज़रूरतमंद लोगों तक पहुंचे, जिससे वंचित गरीब परिवारों को सहायता मिल सके। साथ ही, गैस सब्सिडी, आयुष्मान योजना और दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं में भी संसाधनों की बचत सुनिश्चित हो।

# रक्त ही ऐसी चीज है जो मनुष्य कृत्रिम रूप से नहीं बना सकता हैः गोपाल राठी

**श्री सीताराम सत्संग भवन ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित, 101 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित**



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

वक्त का एक एक क्षण ओर रक्त का एक एक कण बहुत महत्व रखता है। यह बात वही जान सकता हे जिसको समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हुआ ओर वह अपने प्राण गंवा चुका हो। ये विचार गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्री श्री 1008 सीताराम महाराज की स्मृति में श्री सीताराम सत्संग भवन ट्रस्ट द्वारा सीताराम सर्कल पर बाहेती रिसॉर्ट में आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर अतिथियों द्वारा व्यक्त किए गए। मुख्य अतिथि गोपाल राठी ने कहा कि रक्त ही ऐसी चीज हे जो मनुष्य कृत्रिम रूप से नहीं बना सकता है। विशिष्ट अतिथियों में राधेश्याम चेचानी, सुशील मुरोटिया, सत्यनारायण मूंदड़ा, प्रहलाद लढा आदि थे। सभी ने इस आयोजन हेतु ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। रक्त संग्रहण में डॉ. आरके जैन, डॉ. मानसी त्रिपाठी, अरिहंत हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं बीपी शुगर जांच हेतु के पी डायग्नोस्टिक डॉ. बीलाल का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में 101 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर सीताराम सत्संग भवन ट्रस्ट के सचिव राजेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण काबरा, लक्ष्मी नारायण तोषनीवाल, सत्यनारायण मैलाना, विजेंद्र बाहेती, मनीष सोनी, महेश देवपुरा, प्रमोद माहेश्वरी, जवाहर लाल शर्मा, प्रिंस दाधीच, ओम अजमेरा, मदन खटोड़, अंजली सोनी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान का हुआ शुभारंभ ग्राम पंचायत क्षेत्र में लगाए जाएंगे 7100 पौधे

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(पेसवानी)।** बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन के बीच ÷एक पेड़ माँ के नाम महाअभियान की शुरुआत शुक्रवार को इंटमरिया ग्राम पंचायत क्षेत्र में की गई। अभियान का शुभारंभ पंचायत की प्रशासक राधा राजू गाडरी ने पौधारोपण कर किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हर व्यक्ति को पौधारोपण कर उसका संरक्षण करना चाहिए।



ग्राम पंचायत द्वारा इस अभियान के अंतर्गत कुल 7100 पौधे लगाए जाएंगे। प्रत्येक राजकीय विद्यालय में 100-100 पौधे लगाए जाएंगे, जिनके संरक्षण की जिम्मेदारी भामाशाहों, विद्यालय प्रबंधन समिति (SDMC/SMC) और अभिभावकों को दी गई है। इस उद्देश्य से पंचायत प्रशासन ने सभी स्कूलों में बैठकें कर संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, खेल मैदानों, श्मशान घाटों और धार्मिक स्थलों पर भी अधिक से अधिक पौधे लगाने के निर्देश पंचायत क्षेत्र के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं स्टाफ को दिए गए हैं।

इस अवसर पर किसान नेता राजू गाडरी, आयुर्वेद प्रभारी डॉ. मुक्ता प्रभा, योग प्रशिक्षिका रबिया बानू, ग्राम विकास अधिकारी शंकरलाल मीणा, सहायक सचिव देवीलाल बैरवा, कार्यवाहक प्रधानाध्यापक विमल कुमार कोली, कृष्णा चैचानी, सहकारी समिति व्यवस्थापक रामप्रसाद बलाई, सहायक नासिर मोहम्मद सहित पंचायत स्टाफ व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गुरुवंदन कार्यक्रम में आकोला शिवालय के महंत रामस्नेहीदास महाराज का हुआ सम्मान

**गुरु पूर्णिमा पर मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य स्तर पर हुआ सम्मान समारोह**

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**(जसवंत पारीक)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को आकोला शिवालय के महंत रामस्नेहीदास जी महाराज को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल एवं मांडलगढ़ तहसीलदार ने महंत को शाल, श्रीफल व भेंट राशि भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान समाज में गुरु की गरिमा और मार्गदर्शक भूमिका को समर्पित किया गया।



कार्यक्रम में आकोला प्रशासक शिवलाल जाट, पंचायत प्रतिनिधि विकास पाराशर, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवनारायण काबरा, पूर्व मंडल महामंत्री प्रियदर्शी पारीक, पूर्व ऑफिस कानूनगो गंगाधर व्यास, पूर्व नायब तहसीलदार कुंजबिहारी पाराशर, सत्यनारायण आचार्य, चांदमल डाड, देवेंद्र तेली, सत्यनारायण काबरा सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर भक्ति-भाव से आरंभ हुआ चातुर्मास का प्रथम अनुष्ठान

**सुभाषनगर स्थानक में उमड़े श्रद्धालु, तीर्थंकर स्तुति से गूंजा वातावरण**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सुभाषनगर स्थित स्थानक में महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में चातुर्मास के प्रथम गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीसंघ सुभाषनगर व चातुर्मास आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए।




अनुष्ठान आराधिका महासाध्वीजी ने पैसठिया छंद के जाप व 24 तीर्थंकरों की स्तुति कराते हुए आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण का निर्माण किया। कार्यक्रम की शुरुआत व्रजपञ्जर स्तोत्र की आराधना से हुई।

महासाध्वीजी ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि ÷गुरु ही वह ज्योति हैं जो अंधकार से निकालकर परमात्मा की ओर ले जाती हैं। गुरु ने ही कंकर से शंकर बना दिया।

## भक्ति और भजनों से सराबोर रहा माहौल

स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने गुरु भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे समस्त श्रद्धालु भक्ति की रसधारा में डूब गए। कार्यक्रम में साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. व साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. सहित आदि ठाणा का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।



प्रवचन हॉल खचाखच भरा रहा। अतिरिक्त श्रद्धालुओं के लिए बाहर एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी।

पहले अनुष्ठान के लाभार्थी सरोज , सुभाष सुराना (इंदौर) एवं निर्मला , सुदर्शन बुलिया (भीलवाड़ा) परिवार रहे। गौतम प्रसादी का लाभ रोशनलाल डलेलसिंह डांगी परिवार द्वारा लिया गया।

अतिथियों का स्वागत दौलतमल भड़कत्या, राजेन्द्र सुराना, हेमन्त कोठारी, मदनलाल सिपानी, निर्मला भड़कत्या, नितिन बापना ने किया। संचालन राजेन्द्र सुराना द्वारा किया गया।

# खानिया बालाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया

## भक्त ने गुरूजी को समर्पित कर बालाजी को भेंट की स्विफ्ट कार

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(पेसवानी)।** शाहपुरा में जन आस्था का प्रमुख केंद्र खानिया का बालाजी मंदिर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। गुरुवार को आयोजित महोत्सव में भक्तों का दिनभर तांता लगा रहा और मंदिर परिसर भक्ति भाव में डूबा नजर आया।

सुबह महंत रामदासजी त्यागी महाराज ने ठाकुरजी बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना विधिविधान से संपन्न कराई। इसके पश्चात दिवंगत गुरुओं की समाधियों एवं चित्रों की भी पूजा की गई।

**स्विफ्ट कार भेंट कर जताया समर्पण भाव -**

इस विशेष अवसर पर साढ़ू माता रोडलाइन्स खेजड़ी निवासी भक्त सुखदेव गुर्जर ने गुरु भक्ति की मिसाल प्रस्तुत करते हुए बालाजी महाराज को समर्पित भाव से स्विफ्ट कार भेंट की। उन्होंने इसकी चाबियां महंत रामदासजी त्यागी महाराज को सादर समर्पित कीं।

**भक्तों ने किया गुरूपूजन और प्राप्त किया आशीर्वाद -**

शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने महंत रामदासजी त्यागी महाराज का गुरूपूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा।



# भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा ने गुरुजनों व श्रेष्ठ विद्यार्थियों का किया सम्मान

## विद्या वाणी से नहीं, आचरण से प्रभावी बनती है" – राजेश समदानी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा शास्त्रीनगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में चार विद्यालयों के गुरुजनों एवं श्रेष्ठ विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता राजेश समदानी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या केवल वाणी से नहीं, आचरण से ही प्रभावशाली बनती है। गुरुजनों को चाहिए कि वे अपने आचरण से बालकों को प्रेरणा दें। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के जीवन में प्रथम गुरु माता, द्वितीय पाठशाला, तृतीय व्यवसायिक और चतुर्थ आध्यात्मिक गुरु होते हैं, जो जीवन को दिशा देते हैं।




समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 14 विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाध्यापक अविनाश छिपा ने स्वागत उद्बोधन में विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान देने का भरोसा दिलाया। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष पारसमल बोहरा ने भाविप का परिचय देते हुए संस्कार और सेवा के कार्यों की जानकारी दी।

कार्यक्रम संयोजक शिवनारायण ईनाणी रहे, जबकि संचालन रजनीकांत आचार्य ने किया।

इस अवसर पर रीजनल संपर्क संयोजक गोविन्द प्रसाद सोडानी, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश अजमेरा, शाखा अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 900 छात्र और 40 गुरुजन उपस्थित थे। समापन पर बच्चों को नशा मुक्त जीवन का संकल्प भी दिलाया गया।

# महामंडलेश्वर जगदीश पुरी महाराज को 'पर्वत प्रणम्य संत' की उपाधि, मुख्यमंत्री की ओर से किया गया विशेष सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**( पेसवानी)** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री अमर ज्ञान निरंजन आश्रम में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ महोत्सव मनाया गया। महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश पुरी महाराज के सान्निध्य में हुए इस आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक शांति पाठ और ब्रह्मचारियों के प्रेरक उद्बोधनों से हुई। स्वामी जगदीश पुरी महाराज ने अपने प्रवचन में गुरु की महिमा बताते हुए कहा, गुरु चेतना के स्रोत हैं, जो शिष्य में ब्रह्मज्ञान की ज्योति प्रज्वलित करते हैं। उन्होंने गुरु सेवा को आत्मोन्नति का सर्वोत्तम मार्ग बताया। महोत्सव के दौरान भंडारे, गुरु पूजन, विग्रह पूजन के साथ ही जोधपुर के उमादत्त शर्मा द्वारा निर्मित नवीन शेड का लोकार्पण भी हुआ। गुरु पूजन में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं, जो प्रचंड गर्मी में भी अनुशासित भाव से अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से भेजा गया सम्मान पत्र उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा, विधायक गोपीचंद मीणा द्वारा महाराजश् को भेंट किया गया। आश्रम ट्रस्टी सुरेंद्र जोशी ने स्वामीजी को पर्वत प्रणम्य संत की उपाधि से अलंकृत किया।



कार्यक्रम में जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, प्रधान कौशल शर्मा, पूर्व सरपंच किशोर शर्मा सहित कई अतिथि, ट्रस्ट सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित रहे। संचालन ट्रस्टी सुरेंद्र जोशी ने किया।

# गुंदली स्कूल में शिक्षकों का सम्मान कर मनाई गुरु पूर्णिमा , छात्रों ने तिलक, मौली और अपर्णा से किया आभार व्यक्त

भीलवाड़ा फोकस @ गुंरला

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुंदली में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों का तिलक कर, मौली बांधकर और अपर्णा ओढ़ाकर ससम्मान अभिनंदन किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य जुलेखा मसरत बानू ने बताया कि यह आयोजन गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत करने और विद्यार्थियों में संस्कारों का बीजारोपण करने की प्रेरणा देता है। आयोजन प्रभारी महेश मंडोवरा ने बताया कि सभी शिक्षकों ने अपने उद्बोधनों में विद्यार्थियों को सद्मार्ग पर चलने और गुरुजनों के प्रति सम्मान भाव बनाए रखने की सीख दी।




इस अवसर पर प्रथम सहायक लादूराम दाधीच, मुरलीधर अहीर, संजीव मेहता, महिपाल सिंह चुंडावत, सुनीता ठकार, रतन कंवर राठौड़, प्रियंका चौहान, स्नेहलता नुवाल, सुरेश चंद्र लखारा, मोहनलाल रेगर, श्याम लाल बिश्नोई, अंकिता जोशी सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धा का सैलाब, मंदिरों और संत स्थलों पर उमड़े भक्त

## बिजोलिया से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे भट्टों का बामनिया, महेंद्र गुरुजी से लिया आशीर्वाद

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया





गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर क्षेत्र में गुरु भक्ति की धारा प्रवाहित हुई। जोगनिया माताजी, तिलस्वा महादेव, मंदाकिनी मंदिर, छाई बाई के बालाजी एवं बनी के बालाजी में विराजमान संतों का भक्तों ने पूजन-अर्चन व सम्मान कर आशीर्वाद लिया।

इसी क्रम में बिजोलिया से सैकड़ों श्रद्धालु भट्टों का बामनिया स्थित महेंद्र गुरुजी के दर्शन हेतु पहुंचे। यहाँ प्रसादी वितरण, पौधा वितरण एवं हनुमान चालीसा पुस्तिका वितरण का आयोजन भी हुआ।

स्थानीय विद्यालयों में भी गुरु पूर्णिमा पर विविध कार्यक्रम हुए और गुरुओं की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

# नगर निगम के श्रावण मास सहस्त्र धारा अभिषेक कार्यक्रम का शुभारंभ आज

## वार्ड 62 के साईं मंदिर व 63 के राम मंदिर में होगा अभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास में 70 वार्डो के 70 मंदिरों में 70 सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में आज 11 जुलाई शुक्रवार को होगा। जिसके तहत सुबह 7 बजे वार्ड 62 के अंतर्गत छोटी पुलिया, आर के कॉलोनी स्थित साईं मंदिर में सहस्त्र धारा अभिषेक सांसद दामोदर अग्रवाल के सान्निध्य एवं सुबह 11 बजे वार्ड 63 के अंतर्गत सुभाष नगर स्थित राम मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाडा के सानिध्य में कार्यक्रम सम्पन्न होगा। महापौर राकेश पाठक के अनुसार भीलवाड़ा शहर की खुशहाली, चहुंमुखी विकास एवं प्रगति की कामना के साथ यह आयोजन किया जा रहा है।

# तिलस्वा महादेव मंदिर की दान पेटी से निकली 22 लाख 95 हजार से अधिक की नकदी

## गुरु पूर्णिमा पर हुई गिनती, मंदिर विकास में खर्च होगी राशि

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तिलस्वा महादेव मंदिर की दान पेटियों को गुरुवार को खोला गया। मंदिर ट्रस्ट की निगरानी में हुई गिनती में कुल 22,95,815 रुपये की नकद राशि प्राप्त हुई।

मंदिर ट्रस्ट के सचिव मांगीलाल धाकड़ ने बताया कि यह गिनती ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश अहीर व अन्य सदस्यों की मौजूदगी में पारदर्शिता से की गई। इस दौरान ट्रस्ट द्वारा आय-व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया गया।

ट्रस्ट सदस्यों ने निर्णय लिया कि दान राशि मंदिर विकास, सुविधाओं एवं धार्मिक आयोजनों पर व्यय की जाएगी। कार्यक्रम में मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890